# मध्यप्रदेश विधान सभा

## मार्च, 2025 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## गुरुवार, दिनांक 13 मार्च, 2025 (फाल्गुन 22, 1946)

## समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

(1) **श्री राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड का 8वां लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022 पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री एदल सिंह कंषाना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री,** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 (क्रमांक 12 सन् 1963) की धारा 40 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) की वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2022-2023 (उप संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा प्रेषित आपत्तियां, स्पष्टीकरण हेतु उत्तर एवं प्रमण्डल की टिप्पणियाँ) पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री नारायण सिंह कुशवाह, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री,** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (क्रमांक 49 सन् 2016) की धारा 83 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार आयुक्त, नि:शक्तजन, मध्यप्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022 पटल पर रखेंगे.

(4) **श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार -

(क) मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड का 22वां वार्षिक प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2023-2024 एवं

(ख) मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इन्दौर का 22वां वित्तीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024

पटल पर रखेंगे.

(5) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री -**

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 47 की अपेक्षानुसार -

(i) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) का 67 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 एवं

(ii) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 तथा

(ख) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 (क्रमांक 34 सन् 2011) की धारा 44 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का 12वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024

पटल पर रखेंगे.

(6) **श्री लखन पटेल, राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी,** मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अधिनियम, 1982 (क्रमांक 37 सन् 1982) की धारा 27 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022 पटल पर रखेंगे.

(7) **श्री दिलीप अहिरवार, राज्यमंत्री वन,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन्, 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार एमपी इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड का 44वां वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वित्तीय वर्ष 2020-2021 (31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए) पटल पर रखेंगे.

## 3. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति.

**श्री बिसाहूलाल सिंह, सभापति,** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति का अष्टम् एवं नवम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) **श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले की
(क) तहसील अजयगढ़ ग्राम नयागांव में खिन्नी घाट में नदी पर रपटा निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम शाहपुर से मुनगहा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,**
(क) टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा कन्या हाई स्कूल के भवन हेतु थाना दिगौड़ा के समीप स्थान उपलब्ध कराये जाने,
(ख) निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर अंतर्गत ग्राम सिमरा से पृथ्वीपुर मार्ग तक सड़क का निर्माण कराये जाने तथा
(ग) निवाड़ी जिले के वार्ड क्र.11 अंतर्गत नटयाना मोहल्ले में नाली निर्माण एवं आदिवासी मोहल्ले में सड़क निर्माण एवं अन्य कार्य कराये जाने,

(3) **श्री मुरली भंवरा, सदस्य,** देवास जिले के
(क) ग्राम सामगी में बांध का निर्माण कराये जाने,
(ख) ग्राम गुराडियाराव में मेन रोड से किरतनखेड़ी पहुंच मार्ग की काली सिंध नदी पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री केशव देसाई, सदस्य,**
(क) भिण्ड जिले के ग्राम एनो से सुनारीपुरा तक पहुंच मार्ग निर्माण कराये जाने तथा
(ख) रायसेन जिले के ग्राम अम्बाड़ी में लक्ष्मीनारायण मंदिर से श्री डालचंद कोरी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(5) **श्री राजेन्द्र भारती, सदस्य,** दतिया जिले के -
(क) ग्राम बुधेड़ा से गढ़ी तक सड़क का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम वरगांव में सी.सी. रोड एवं पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम बांकी से कोठिया हनुमान मंदिर चौक तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले के -
(क) ग्राम धनेला रनचोली, पहाड़ी, खिरावली, बमूर, बसई एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था ठीक कराने तथा
(ख) ग्राम पंचायत पहाड़ी हरपामा का पुरा स्थित बने डेम की पार का निर्माण कराये जाने,

(8) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले के -
(क) ग्राम पंचायत पटवार सामजीपुरा मान नदी पर पुलिया निर्माण कराये जाने तथा
(ख) मनावर अंतर्गत ग्राम पंचायत बागल्या से बोरली फाटा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में -
(क) सिवनी वलबहरा, जैतहरी, तिपान नदी एवं अन्य नदियों पर बांध/स्टोरेज/वियर/केनाल का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) संचालित जिला सत्र न्यायालय हेतु नवीन भवन का निर्माण कराये जाने,

(10) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के -
(क) ग्राम छिनवरा से छिनवरा हनुमान मंदिर तक सड़क का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) कुंअरपुर सिद्ध की रोड से धनापुरा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(11) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के -
(क) सरदारपुर अंतर्गत मछलिया से हनुमान मंदिर से आगे वाली घाटी पर पुलिया का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) सरदारपुर अंतर्गत कोठडाकला में गोमा वाले नाले पर पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(12) **श्री कामाख्या प्रताप सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले की -
(क) ग्राम पंचायत लुगासी से पन्नपुरा होते हुए मानपुरा तक सड़क का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) महाराजपुर अंतर्गत मेन बायपास रोड का निर्माण कराये जाने,

(13) **सुश्री रामश्री राजपूत (बहिन रामसिया भारती), सदस्य,** छतरपुर जिले की -
(क) ग्राम पंचायत धनगुवां अंतर्गत मेन रोड माध्यमिक शाला मदनीबार तक सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम बहापुर मजरा भर्सखेदा में मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत करने,

(14) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के -
(क) ग्राम खमरिया (वाकल) में संचालित शास. हाई स्कूल में नवीन भवन का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में नवीन आई.टी.आई. प्रारंभ करने,

(15) **श्री देवेन्द्र रामनारायण सखवार, सदस्य,** मुरैना जिले की नगरपालिका परिषद अंबाह शहरी क्षेत्र में सीवर लाईन डलवाये जाने,

(16) **श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य,** गुना जिले की नगरपालिका क्षेत्र में केन्ट रोड स्थित गोविन्द गार्डन कॉलोनी में सड़क निर्माण कराये जाने,

(17) **श्री सचिन सुभाषचन्द्र यादव, सदस्य,** खरगोन जिले के -

(क) ग्राम उटावत से सिपटान व्हाया कालिकराय तक सड़क निर्माण कराये जाने तथा

(ख) ग्राम दुर्गापुर फाटे से सतवाडी व्हाया वायतेल तक मार्ग एवं पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(18) **श्री बाला बच्चन, सदस्य,** बड़वानी जिले के -

(क) ग्राम बोबलवाड़ी से देवझिरी सेगांव फाटा तक सड़क निर्माण कराये जाने तथा

(ख) ग्राम पंचायत नांदेड़ अंतर्गत डावरियापुरा में सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(19) **श्री केदार चिड़ाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के -

(क) ग्राम गढी, मोगरगांव, दाउदखेड़ी एवं अंजनगांव की अपर वेदा तालाब की नहरों को पक्का कराये जाने तथा

(ख) भगवानपुरा अंतर्गत ग्राम श्रीखण्डी ब्लाक सेगांव एवं गढ़ी ब्लाक में हाई स्कूल खोलने,

(20) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले के -

(क) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पी.एम. श्री हरदुआ खमरिया को अतिक्रमण मुक्त कर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराये जाने तथा

(ख) ग्राम सुंगरहा में शास. मा. शाला का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(21) **श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य,** अनूपपुर जिले की -

(क) ग्राम पंचायत बिजौरा पुष्पराजगढ़ के खसरा नं. 560/1 में तालाब का निर्माण कराये जाने तथा

(ख) ग्राम गौरेला अंतर्गत भर्राटोला में नया ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

(22) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के -

(क) रामपुर बघेलान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटर में शव वाहन उपलब्ध कराये जाने तथा

(ख) रामपुर बाघेलान/ अमरपाटन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण करने,

(23) **श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य,** दतिया जिले के -

(क) ग्राम नीमडांढा से किटाना रोड तक सड़क का निर्माण कराये जाने तथा

(ख) नगर इंदरगढ़ अंतर्गत पी.जी. कॉलेज में बी.एस.सी., बी.कॉम, एम.ए. एवं एम.कॉम. के कोर्स बढ़ाये जाने,

(24) **श्री सिद्धार्थ तिवारी, सदस्य,** रीवा जिले के -

(क) घुसुरूम से नौवस्ता तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने तथा

(ख) रिमदा चौक पोखरी से कुचावर फुलदेअर भट्टी टोला पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(25) **श्री भैरो सिंह (बापू), सदस्य,** आगर-मालवा जिले के -

(क) सुसनेर अंतर्गत श्री कालवा बालाजी हनुमान मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित किये जाने तथा

(ख) ग्राम छापरिया से डिगोन तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(26) **श्री विपिन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले के -

(क) ग्राम निम्बोद में सोमली नदी पर रपटा निर्माण कराये जाने तथा

(ख) खजुरिया सारंग शास. हाई स्कूल में एक अतिरिक्त शौचालय का निर्माण कराये जाने,

(27) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले के -

(क) ग्राम गोगापुर (म. रोड) में शास. महाविद्यालय खोले जाने तथा

(ख) महिदपुर रोड में पुलिस स्टाफ क्वाटर्स का निर्माण कराये जाने,

(28) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले की -

(क) जावरा अंतर्गत भगत सिंह शास. महाविद्यालय में एम.ए. अंग्रेजी एवं पिपलौदा व कालूखेड़ा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने तथा

(ख) जावरा, पिपलौदा व ढोढर में विश्राम गृह का एक नवीन भवन स्वीकृत करने

(29) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले की -

(क) ग्राम पंचायत भारोडा के बुन्दीनाला पर स्टाप डेम का निर्माण कराये जाने तथा

(ख) ग्राम पंचायत हतनारा काराबापजी से रिंगनिया होते हुए हेमती तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कराये जाने,

(30) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले की -

(क) तहसील लालबर्रा में सिविल न्यायालय एवं एस.डी.ओ.पी. कार्यालय खोले जाने तथा

(ख) ग्राम बोदा से खैरी पांघरवाड़ा पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री मधु भाऊ भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले के -

(क) ग्राम हट्टा, चांगोटोला एवं लामता में नवीन आई.टी.आई. प्रारंभ करने तथा

(ख) ग्राम पटेलों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदाय किये जाने,

(32) **श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के -
(क) ग्राम अमिलिया शास. प्राथमिक शाला का माध्यमिक शाला में उन्नयन करने तथा
(ख) ग्राम जमताल में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(33) **श्री विवेक (विक्की) पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम सुकड़ी से पांचेटोला डांगोरली तक सड़क एवं पुल का निर्माण कराये जाने,

(34) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा शहर के मानपुरा अंतर्गत पंप इंजन रोड पर स्थित अजनाल नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(35) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के -
(क) ग्राम पिपलियाहाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हाई स्कूल भवन के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने तथा
(ख) अगरा, जागीर-मदनखेड़ी चौराहा-काछाखेड़ा मार्ग को जिला मार्ग घोषित कर टू-लेन मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(36) **श्री कमलेश्वर डोडियार, सदस्य,** रतलाम जिले की -
(क) ग्राम पंचायत बिलड़ी के शास. माध्य. विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने तथा
(ख) ग्राम हवारूण्डी मरगुल से दौलतपुरा डुडी के मध्य जामड नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,

(37) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के -
(क) बगार भाटा मुहल्ला नगर पलेरा में प्राथमिक शाला खोले जाने तथा
(ख) ग्राम लडवारी स्थित तालाब से सलूस क्र. 1 एवं 2 से निकली कच्ची नहर को पक्का निर्माण कराये जाने,

(38) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले की -
(क) ग्राम पंचायत सुर्वाकोयड़ा में बाढ़ नियत्रंण वॉल मनरेगा योजना से स्वीकृत करने तथा
(ख) भीकनगांव अंतर्गत कन्या एवं बालक आदिवासी छात्रावास का मरम्मत कार्य कराये जाने,

(39) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के -
(क) करैरा अंतर्गत शास. नवीन महाविद्यालय नरवर का नाम परिवर्तित कर नल दमयंती करने तथा
(ख) करैरा अंतर्गत हरसी बेस्ट वीपर पुल से कृषि उपज मण्डी मगरोनी तक चौड़ी सड़क का निर्माण कराये जाने,

(40) **श्री कैलाश कुशवाह, सदस्य,** शिवपुरी जिले के -
(क) करैरा अंतर्गत ग्राम पंचायत लंगूरी के प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम बरखेड़ा में प्रकाश के गेट से कन्हैया के घर तक सी.सी. सड़क का निर्माण कराये जाने,

(41) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के -
(क) ग्राम नौगुवां से करों तक पक्का मार्ग निर्माण कराये जाने तथा
(ख) भिण्ड, इटावा एवं ग्वालियर 719 नेशनल हाईवे को 6 लाईन बनाये जाने,

(42) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले की -
(क) नगर पालिका मकरोनिया बुर्जुग में पेयजल का स्थाई स्त्रोत उपलब्ध कराये जाने तथा
(ख) कर्रापुर नगर परिषद में नवीन गौशाला स्थापित करने,

(43) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले के -
(क) सलेहा में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने तथा
(ख) ग्राम मकरीकुठार से चांदा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(44) **श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य,** नीमच जिले के -
(क) ग्राम चेनपुरा में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन करने तथा
(ख) ग्राम बिसलवासकलां के हाई स्कूल का हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन करने,

(45) **श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, सदस्य,** धार जिले के -
(क) ग्राम दुकणी से अम्बाड़ा तक पहुंच मार्ग निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम कापसी में उरी बागनी नदी पर पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(46) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के -
(क) ग्राम बेहट को टिकटौली माइक्रो परियोजना से जोड़े जाने तथा
(ख) वार्ड क्र. 62 में पदमपुर खेरिया से बेहटा मार्ग (हाईवे) का चौड़ीकरण कराये जाने,

(47) **डॉ. तेजबहादुर सिंह, सदस्य,** उज्जैन जिले के नागदा अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज प्रारंभ करने,

(48) **श्री बृज बिहारी पटैरिया, सदस्य,** सागर जिले के -
(क) देवरी अंतर्गत शास. महाविद्यालय के परिसर में स्टेडियम का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) देवरी रेस्ट हाउस से काली पहाड़ी सिद्ध बाबा होते हुए कोपरा रहली मार्ग वं बरलई से भमंसर तक मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(49) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के -
(क) ग्राम सुनौनी में केवटी नाले पर तलैया का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) सार्वजनिक निस्तार की भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने,

(50) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मंडला जिले के -
(क) ग्राम डूंडादेई एवं झूंझर में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम पंचायत कुंटीददरगांव सुरेहली एवं खौडाखुदरा में शास. उचित मूल्य की दुकान के भवन का निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री हेमन्त सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के -
(क) ग्राम कमई में सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम चाचर के पास गढ़ा-फूप सिंचाई बम्बा पर पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(52) **श्री अमरसिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ जिले के -
(क) नगर खुजनेर में शास. महाविद्यालय प्रारंभ कराये जाने तथा
(ख) जिला मुख्यालय वार्ड क्र. 01 अंतर्गत कालापीपल मार्ग स्थित नेवज नदी पर नवीन पुल का निर्माण कराये जाने,

(53) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के -
(क) ग्राम घुंसुर से मुहास मार्ग में कटनी नदी एवं अन्य नदियों पर पुलों का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) 10 ग्राम पंचायतों को तहसील मुख्यालय विजयराघगढ़ के स्थान पर बरही किये जाने,

(54) **श्री प्रदीप पटेल, सदस्य,** मऊगंज जिले की -
(क) ग्राम पंचायत खजुरहन में सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम पंचायत खटखरी के वार्ड क्र.17 में शास. नाले पर रपटा/पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(55) **श्री मोन्टू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले के -
(क) ग्राम झोपली में कनास्या फल्या में पुलिया निर्माण कराये जाने तथा
(ख) ग्राम पंचायत लवाणी पटेल फल्या से पिपरीयापानी फल्या तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(56) **श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम धमोड़ी से उपला तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(57) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम नीमकुही से सेतपरास तक सड़क का मरम्मत कार्य कराये जाने,

(58) **श्री अरविन्द पटैरिया, सदस्य,** छतरपुर जिले की शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर एवं राजनगर में नवीन विषयों के संकाय प्रारंभ करने,

(59) **श्रीमती मनीषा सिंह, सदस्य,** शहडोल जिले के जयसिंह नगर अंतर्गत हर्री टाटा मोटर्स के बगल से युनिवर्सिटी पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(60) **श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, सदस्य,** सागर जिले के लक्ष्मीपुरा वार्ड में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कराये जाने,

(61) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर जिले के वार्ड क्र. 30 अंतर्गत सिटी सेंटर स्थित एयरटेल ऑफिस वाली सड़क का निर्माण कराये जाने,

(62) **श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी, सदस्य,** सागर जिले के ग्राम बूढ़ाखेरा के झिरिया नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(63) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले की ग्राम पंचायत भंवरा से टीटेहरी टोला भंवरा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(64) **श्री अभिजीत शाह (अंकित बाबा), सदस्य,** हरदा जिले के ग्राम चुरनी से लाखादेह एवं चुरनी से बिटिया तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(65) **श्री अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी ओरछा में एअर स्ट्रिप का बनाये जाने,

(66) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले के डबरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भगेह में श्मशान घाट के रास्ते पर सड़क व नाला का निर्माण कराये जाने,

(67) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले के ग्राम पलासदा कवछा फलिया में पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(68) **श्री श्याम बरड़े, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम वझर शास. हाई स्कूल का हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(69) **डॉ. अभिलाष पाण्डेय, सदस्य,** जबलपुर जिले के मदनमहल अंडरब्रिज से ओमती नाला पुल होते हुए स्नेह नगर तक सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(70) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम उम्मेदगढ़ स्थित स्टाप डेम की मरम्मत या नवीन स्टॉप डेम का निर्माण कराये जाने,

(71) **श्री विश्वनाथ सिंह, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के तेन्दूखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरहकलां एवं कौड़िया के मध्य डमरूघाटी के पास सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(72) **श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य,** शहडोल जिले के ब्यौहारी अंतर्गत वलौडी एवं तिखथ में नवीन सब-स्टेशन की स्थापना कराये जाने,

(73) **श्री प्रेमशंकर कुंजीलाल वर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम जिले के ग्राम बोरतलाई से घुघवासा के मध्य नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(74) **श्री मुकेश टंडन, सदस्य,** विदिशा जिले के मजरा/टोला ककरूआ चक एवं गुनुआ चक को राजस्व ग्राम बनाये जाने,

(75) **श्री रजनीश हरवंश सिंह,** सदस्य, सिवनी जिले के केवलारी अंतर्गत ग्राम बम्होरी से मासूल तक एवं अन्य ग्रामों की सड़कों का निर्माण कराये जाने,

(76) **श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, सदस्य,** दमोह जिले के नगर पटेरा मुख्यालय अंतर्गत कुंडलपुर एवं हटा पटेरा बस स्टेण्ड से नगर परिषद तहसील मुख्यालय पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण के साथ सौन्दर्यीकरण कराये जाने,

(77) **श्री मुकेश मल्होत्रा, सदस्य,** श्योपुर जिले के ग्राम गोलीपुरा-इकलोद के मध्य झील पर पुल/रपटा का निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. लोक लेखा, प्राक्कलन, सरकारी उपक्रमों संबंधी तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समितियों के लिए सदस्यों का निर्वाचन.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, प्रस्ताव करेंगे -

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 221 के उपनियम (3), 223 के उपनियम (1), 223-क के उपनियम (1) तथा 234-ढ़ के उपनियम (2) द्वारा अपेक्षित रीति से वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए क्रमश : लोक लेखा, प्राक्कलन, सरकारी उपक्रमों संबंधी तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समितियों के सदस्य होने के लिए अपने में से 11-11 सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हों.".

## 6. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण ....(क्रमश:)

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं.".

## 7. वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा.

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 12 मार्च, 2025